**अनोखा स्टार्टअप** देश की कला को पहचाना और विदेशों तक पहुंचाया

# दीक्षांत की हर्ष हस्तकला ने बदली कॉर्पोरेट गिफ्टिंग की पहचान

**नवभारत, जबलपुर।** क्या एक मैकेनिकल इंजीनियर देश की पारंपरिक कला को कॉर्पोरेट जगत का सबसे पसंदीदा तोहफा बना सकता है? ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से साल 2018 में बी.टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी करने वाले दीक्षांत ताम्रकार ने 'हर्ष हस्तकला' स्टार्टअप के जरिए इसे सच कर दिखाया है। गन कैरिज फैक्ट्री में 1 साल की इंटर्नशिप पूरी करने के बाद दीक्षांत ने साल 2022 में अपने स्टार्टअप की नींव रखी। नवभारत से विशेष बातचीत में दीक्षांत ने अपने संघर्ष, सफलता और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया।

### प्रश्न: आपने इस अनोखे स्टार्टअप की राह क्यों चुनी?

**उत्तर:** मेरी इंटर्नशिप पूरी करते ही देश कोरोना महामारी और लॉकडाउन की चपेट में आ गया था, जिसने हर क्षेत्र की रफ्तार थाम दी थी। इस मंदी और संकट के दौर में मैंने खाली बैठने के बजाय बाजार की गहन रिसर्च की। मैंने देखा कि भारतीय हस्तशिल्प और कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के बीच एक बहुत बड़ा गैप है, जहाँ स्वदेशी कला के बजाय प्लास्टिक या चीनी सामानों का बोलबाला था। इसी कमी को पूरा करने और कॉर्पोरेट गिफ्टिंग को एक नया व कलात्मक रूप देने के इरादे से मैंने आपदा को अवसर में बदला और इस स्टार्टअप की शुरुआत की।

### प्रश्न: शुरुआती दौर कैसा रहा और आपको किस तरह की मदद मिली?

**उत्तर:** शुरुआती दौर में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की बारीकियों को समझने और बेहतरीन क्वालिटी का कच्चे मटेरियल सही जगह से तलाशने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लेकिन हमारा यह अनोखा आइडिया रंग लाया जब साल 2023 में मध्य प्रदेश सरकार ने हमारे स्टार्टअप को बढ़ावा देते हुए सरकारी सीड फंडिंग प्रदान की। इस आर्थिक और रणनीतिक मदद ने हर्ष हस्तकला को नई रफ्तार दे दी। हमारे स्टार्टअप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पानी की बोतलें, की-चेन्स, डायरियाँ और युवाओं के पसंदीदा एनिमे कैरेक्टर्स जैसी रोजमर्रा की सामान्य चीजों को हस्तकला से जोड़कर उन्हें बेहद खूबसूरत मास्टरपीस में तब्दील करता है।



**आत्मनिर्भर भारत का सपना सच करने की प्रेरणा**

संस्कारधानी से शुरू हुआ यह सफर देश के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है कि कैसे तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक अनुभव और सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को सच किया जा सकता है।

### प्रश्न: आपकी टीम का ढांचा क्या है और आप देश-विदेश तक अपने उत्पाद कैसे पहुंचाते हैं?

**उत्तर:** आज संजीवनी नगर स्थित हमारे मुख्य कार्यालय में 7 लोगों की कोर टीम काम कर रही है, और सबसे गर्व की बात यह है कि हमारे साथ 30 से अधिक स्थानीय कारीगर सीधे जुड़े हुए हैं, जिन्हें रोजगार का एक मजबूत मंच मिला है। हमारा यह बिजनेस पूरी तरह लॉजिस्टिक्स (परिवहन एवं आपूर्ति व्यवस्था) पर आधारित है। हमने प्राइवेट कूरियर कंपनियों की चकाचौंध के बजाय भारतीय डाक विभाग को प्राथमिकता दी है, जिससे देश के सुदूर इलाकों और भारतीय बॉर्डर पर तैनात सुरक्षा बलों तक हमारा सामान सुरक्षित पहुँचता है। आज हर्ष हस्तकला अपनी खुद की वेबसाइट के साथ-साथ अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के जरिए ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों तक हस्तशिल्प का निर्यात कर रही है।

### प्रश्न: व्यवसाय के वित्तीय आंकड़ों और भविष्य के लक्ष्यों को लेकर आपका क्या सोचना है?

**उत्तर:** कंपनी का वित्तीय ग्राफ हमारी सफलता की कहानी खुद बयां करता है, जिसने बेहद कम समय में बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। शुरुआत के पहले वित्तीय वर्ष में जहाँ हमारा रेवेन्यू महज 6 लाख रुपये था, वहीं पिछले वित्तीय वर्ष में यह शानदार छलांग लगाते हुए 20 लाख रुपये तक पहुँच गया। इस चालू वित्तीय वर्ष में हमारी कंपनी 40 लाख रुपये के टर्नओवर का लक्ष्य लेकर चल रही है।

# समय-सीमा में पूरा करें कार्य : निगमायुक्त

**2 संभागों के दौरे के दौरान सक्रिय नजर आए निगमायुक्त**

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम प्रशासन शहर की बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने और नागरिकों की समस्याओं का समय-सीमा में समाधान कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कांचघर रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को अविलंब समतलीकरण कराने के सख्त निर्देश दिए, ताकि राहगीरों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कांचघर रोड के निरीक्षण के बाद निगमायुक्त ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए दो संभागों गढ़ा और कछपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अभियान के अंतर्गत प्राप्त होने वाले नागरिक आवेदनों तथा विभिन्न विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम



नागरिक से जुड़े सभी आवेदनों का निराकरण पूरी पारदर्शिता के साथ समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान, सौरभ मिश्रा, उपायुक्त अंकिता जैन, कार्यपालन यंत्री जागेंद्र सिंह, राजेश खंपरिया, संदीप जायसवाल, अंकुर नाग सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**अमानक पॉलीथिन पर लगाया 1 लाख का स्पॉट फाइन**

शहर को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाने के संकल्प के तहत नगर निगम लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संभाग क्रमांक 15 के वार्ड क्रमांक 74 में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान संचालक अतुल खत्री के परिसर पर निरीक्षण कर अमानक प्लास्टिक और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर त्वरित कार्रवाई की गई। इस मौके पर नगर निगम और प्रदूषण बोर्ड की संयुक्त टीम ने मौके से 110 बोरी अमानक पानी के पाउच, 210 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन और 23 पेटी विक्रय अयोग्य पानी की बोतलें जब्त कीं। यह सामग्री पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती थी। इसके साथ ही परिसर में जनसुरक्षा से जुड़े फायर एंड सेफ्टी मानकों के अभाव को देखते हुए 1 लाख रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त संभव अयाची, संभागीय अधिकारी अजय लवाना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, अनंत दुबे, संजय वर्मा, आकाश श्रीवास्तव आदि उपसिथत रहे।

# मकान मालिक पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई थी मिस्त्री की मौत**

**जबलपुर।** बरगी अंतर्गत हिनौता में निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे एक मिस्त्री की 11 के.व्ही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से 4 अगस्त को मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सालीवाडा देवद्वार निवासी देवीलाल मेहरा 4 अगस्त 2026 को ग्राम हिनौता में रामदास पटैल (32) के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। उनके साथ मजदूर रश्मी कुलस्ते और कु. साधना वरकडे भी मौजूद थीं। काम करने के दौरान मिस्त्री देवीलाल के हाथ में पकड़ा हुआ लोहे का सरिया मकान के ऊपर से गुजरी 11 के.व्ही. की बड़ी लाइन से टकरा गया। करंट का जोरदार झटका लगने से देवीलाल जमीन पर गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

**खतरे में डाली जान, सुरक्षा उपकरण नहीं दिए**

मामले की जांच में यह यह बात सामने आई कि मकान मालिक रामदास पटैल को अच्छी तरह पता था कि मकान के ठीक ऊपर से हाईटेंशन की खतरनाक लाइन गुजरी है और यहाँ काम करना जानलेवा हो सकता है। इसके बावजूद उसने मजदूरों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया और बिना सुरक्षा उपकरणों के लापरवाही से काम कराया।

मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मध्य प्रदेश क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बरगी के कनिष्ठ अभियंता से प्राप्त जांच पत्र के आधार पर पुलिस ने पाया कि यह पूरी घटना मकान मालिक की आपराधिक लापरवाही के कारण हुई। आरोपी मकान मालिक रामदास पटैल पिता जवारलाल पटैल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

## झपट्टा मारकर लूटा मोबाइल

**जबलपुर।** विजय नगर निवासी एक युवती पर झपट्टा मारकर लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया और फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक साक्षी पटेल 31 वर्ष निवासी स्कीम नम्बर 14 विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 9-45 बजे खाना खाकर घर के बाहर टहलते हुये फोन पर बात कर रही थी उसी समय पीछे से स्कूटी जैसे दुपहिया वाहन से 2 व्यक्ति आये एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने झपट्टा मारते हुये उसके हाथ से आईफोन कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 30 हजार रूपये का छुड़ाकर एसबीआई चौक तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# खस्ताहाल सड़कों के विरोध में सड़क पर उतरा कांग्रेस पार्षद दल

**अंबेडकर चौक से घमापुर चौक तक झाड़ू लगाकर किया सांकेतिक प्रदर्शन**

**नवभारत, जबलपुर।** शहर की खस्ताहाल सड़कों एवं नगर निगम की बदहाल व्यवस्थाओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल द्वारा गुरूवार को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन अंबेडकर चौक स्थित डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा के पास से प्रारंभ होकर घमापुर चौक तक झाड़ू लगाते हुए किया गया।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि शहर की सड़कों



की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। जगह-जगह गड्ढों और बदहाल सड़कों के कारण आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मूलभूत सुविधाओं के मामले में नगर निगम की व्यवस्थाएं भी पूरी तरह चरमरा गई हैं।

**सदन से लेकर सड़क तक उठेगी आवाज**

नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्षद दल जनता की समस्याओं को सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाता रहेगा और शहर की सड़कों की गुणवत्ता सुधारने, गड्ढों को भरने तथा मूलभूत नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन पर लगातार दबाव बनाएगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया, जबलपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी, पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद वकील अंसारी, पार्षद राकेश पांडे, पार्षद प्रमोद पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

**एक नजर में**

## 2 नवंबर को बदले मार्ग से चलेगी उत्कल एक्सप्रेस

**जबलपुर, नवभारत।** बागडिही स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग और बागडिही-झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन की कमीशनिंग के चलते 2 नवंबर को पुरी-योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस (18477) परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में 1 व 2 नवंबर को प्री-नॉन इंटरलॉकिंग तथा 3 नवंबर को नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य प्रस्तावित है, जिसके कारण ट्रेन संचालन प्रभावित रहेगा। 2 नवंबर को पुरी से रवाना होने वाली उत्कल एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के बजाय कटक-सम्बलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-ईब के रास्ते योग नगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस भी 2 नवंबर को ईब-झारसुगुड़ा रोड-सम्बलपुर सिटी-कटक होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते यात्रियों को यात्रा की योजना बनाते समय संशोधित रूट की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

## चाकूबाजी में दो घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल एवं रांझी में हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक संजीव केशरवानी 50 वर्ष निवासी प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले का समीर वंशकार आकर उससे खर्चे के लिये 500 रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार रांझी थाने में रवि नाहर 19 वर्ष निवासी मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई किसामुदायिक भवन के सामने खड़ा था तभी मोहल्ले का शनि राने एवं शनि का भाई पवन राने आये और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों मारपीट करने लगे, उसका साथी रोहित रैकवार व अभिषेक स्वामी बीच बचाव करने लगे तो शनि व पवन ने उसके दोस्तों के साथ भी हाथ मुक्कों से मारपीट की।

# लोक निर्माण मंत्री के निर्देश को खुली चुनौती

**शहपुरा टोल नाके में की जाने लगी शुल्क वसूली, आक्रोशित वाहन चालकों ने जताया विरोध**

**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का निर्देश गुरूवार को उस वक्त बेअसर साबित हुआ जब शहपुरा टोल नाके में वहां से आने जाने वाले वाहन चालकों से शुल्क की राशि वसूली जानी लगी। याद रहे कि गत मंगलवार को भोपाल में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इसमें शहपुरा टोल को अस्थायी रूप से



बंद करने और वाहन चालकों से टोल कलेक्शन रोकने के निर्देश खुद लोक निर्माण मंत्री ने जारी किए थे। इस निर्देश का पालन गुरूवार को जमीनी तौर पर नहीं हुआ तो लोगों ने शुलक वसूली का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड कर दिया। वीडियो अपलोड होते ही तरह तरह के कमेंट्स आने लगे। चालकों का स्पष्ट कहना है कि मंत्री ने जब टोल कलेक्शन बंद करने के निर्देश दे दिए हैं तो फिर ये वसूली क्यों और किसके कहने पर की जा रही है।

**लिखित आदेश आने के बाद बंद होगी वसूली**

उधर दूसरी तरफ शहपुरा टोल नाके के जिम्मेदार ये कहते नजर आ रहे हैं कि टोल बंद करने का कोई लिखित आदेश अभी उन्हें नहीं मिला है। जैसे ही लिखित आदेश मिलेगा, टोल कलेक्शन को बंद कर दिया जएगा।

# दहेज : पिस्टल चमकाई, तलाक का दबाव बनाया, नवविवाहिता को घर से निकाला

**जबलपुर।** गोहलपुर निवासी एक नवविवाहिता को शादी के बाद से ससुराल पक्ष कम दहेज मिलने का ताना मारकर फोरव्हीलर, नगदी की डिमांड करने लगा जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद पति अपने भाईयों और साथियों के साथ पीड़िता के मायके पहुंचा और पिस्टल चमकाते हुए धमकाया, तालक का दबाव बनाया। पीड़िता थाने पहुंची जहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद वह उसने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

तूबा पति जावेद अहमद उर्फ राजा निवासी गोहलपुर ने बताया कि उसका निकाह 1 मार्च 2024 को हुआ था। माता-पिता ने टूव्हीलर वाहन, जेवरात समेत गृहस्थी का सामान दहेज में दिया था। पति रजा चौक, मक्का नगर, गली नंबर 1 में किराये के मकान में रहने लगा, इसके चलते 1-2 माह तक सब कुछ सही रहा, उसके बाद पति एवं सास फातमा, ससुर



शाहिद अहमद, बड़ी सास फिज्जो, पति जावेद, ननद अफरीन दहेज मिलने का ताना मार प्रताड़ित करने लगे। फोर व्हीलर एवं नगद 50 हजार रूपए की डिमांग करने लगे। मारपीट उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद वे अपनी मां के साथ जनता कॉलोनी पंचवटी स्कूल के पीछे गोहलपुर में रहने लगी। 30 अगस्त 26 को पति, उसके साथ देवर साकिर अहमद, जाकिर, राजिक एवं अन्य 2-3 लोग हथियार एवं पिस्टल हाथ में लेकर घर में आये और मारपीट करने लगे ओर तलाक देने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद धमकाते हुए चले गए। गोहलपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गई लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई।

# संपत्तिकर-जलकर के अधिभार में 100 प्रतिशत तक की मिलेगी छूट

**12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर नगर निगम ने शहर के नागरिकों को अपने पुराने बकाया करों का निपटारा करने का एक सुनहरा अवसर दिया है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया है कि आगामी 12 सितम्बर दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का भव्य आयोजन होने जा रहा है। शासन के नियम अनुसार संपत्ति कर और जलकर के सरचार्ज पर भारी छूट करदाताओं को दी जायेगी। उन्होंने ये भी बताया कि यह छूट वित्तीय वर्ष 2026-27 में वन टाइम सेटलमेंट के तहत केवल एक बार के लिए दी जा रही है। साथ ही नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर और जलकर में शासन के नियमानुसार अधिभार में छूट प्रदान की जा रही है। अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा एवं उपायुक्त शिवांगी महाजन ने जानकारी देते हुए कहा है कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो किश्तों में जमा कराई जायेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि नेशनल लोक अदालत के दिन जमा कराई जायेगी।

## डॉक्टर, डिलीवरी ब्वॉय समेत 3 से 1.67 लाख की ठगी

**जबलपुर।** शहर में ऑनलाइन ठगों ने डॉक्टर, डिलीवरी बॉय, प्राइवेट कर्मचारी के बैंक खातों में सेंध लगाकर कुल 1 लाख 67 हजार 888 रुपये पार कर दिए। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि विक्टोरिया अस्पताल के नेत्र सहायक चिकित्सक सनी ऐडम पेरिका (47) ने जयंती कॉम्प्लेक्स में मोबाइल सुधरवाया था। 31 अगस्त को मोबाइल अपडेट होते ही उनके खाते से 98,888 रूपये साफ हो गए। इसी प्रकार नर्मदा स्टील के कर्मचारी रविकुमार यादव (39) के खाते से पहले 1 रूपये कटा, फिर कुछ ही देर में ठगों ने 39,000 गायब कर दिए। गढ़ा पुलिस ने बताया कि जोमैटो डिलीवरी बॉय सचिन कुमार नामदेव (37) ने फेसबुक पर विज्ञापन देखकर मुफ्त चैनल वाला बीजीएमआई टीव्ही एप डाउनलोड किया और सारी परमिशन दे दीं। अगले दिन उनका मोबाइल बंद हुआ और खाते से 30,000 पार हो गए।

**नवाचार** नगर निगम और यूएन विमेन की संयुक्त भागीदारी से दिए जाएंगे ई-रिक्शा

# ग्लोबल सेफ सिटीज इनिशिएटिव से आत्मनिर्भर बनेंगी 100 महिलाएं

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम और यूएन विमेन की संयुक्त भागीदारी में चल रहे ग्लोबल सेफ सिटीज इनिशिएटिव के तहत शहर की 100 बेरोजगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी तेज हो गई है। हाल ही में हुई पहली वार्षिक समीक्षा बैठक में इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी देते हुए महिलाओं को ई-रिक्शा और ऑटो-रिक्शा वितरण के रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित स्वरोजगार देकर मुख्यधारा से जोड़ना है।

**महिलाओं की समस्याएं और सुरक्षा ऑडिट**

विगत दिनों महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के नेतृत्व में आयोजित 'वॉयस फ्रॉम द सिटी' कार्यक्रम के दौरान महिला चालकों और स्ट्रीट



वेंडर्स से सीधा संवाद किया गया था। महिलाओं ने बताया कि उचित ड्राइविंग ट्रेनिंग की कमी, वित्तीय सहायता न मिलना, सड़कों पर पुरुषों का एकाधिकार और देर रात काम करने के दौरान असुरक्षित माहौल उनके लिए सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसी फीडबैक के आधार पर प्रशासन ने महिलाओं के सुरक्षित सफर और उनकी आजीविका के लिए यह ठोस कदम उठाया है। वर्तमान में नगर निगम और यूएन विमेन की टीमें मिलकर शहर के 79 वार्डों में सुरक्षा ऑडिट कर रही हैं, ताकि उन रूटों की पहचान की जा सके जहाँ इन महिला ई-रिक्शा चालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही पात्र महिलाओं के चयन और उन्हें ड्राइविंग ट्रेनिंग देने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

**सुरक्षा और रोजगार का अनोखा मॉडल**

इस परियोजना के अंतर्गत चुनी गई महिलाओं को न केवल ई-रिक्शा और वित्तीय सहायता दी जाएगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीकी और सुरक्षात्मक प्रशिक्षण भी मिलेगा। नगर निगम और यूएन विमेन का मानना है कि सार्वजनिक परिवहन की कमान महिलाओं के हाथ में आने से पूरे शहर का माहौल बदलेगा और अन्य कामकाजी महिलाएं व छात्राएं भी खुद को सफर के दौरान अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। यह सहयोगात्मक पहल आने वाले समय में शहरी विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक मिसाल साबित होगी।

# कैंसर की समय पर स्क्रीनिंग, उपचार से बीमारी पर जीत संभव

**नवभारत, जबलपुर।** कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के प्रति जन.जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में चलाये जाने वाले नमो प्रेरणा अभियान की औपचारिक शुरूआत के पहले गुरूवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज सभागृह में उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की पहल पर जिले में चलाये जाने वाले नमो प्रेरणा अभियान का औपचारिक शुभांरभ 18 सितम्बर से होगा। मेडिकल कॉलेज में आयोजित की गई उन्मुखीकरण कार्यशाला के समापन पर कैंसर की रोकथाम व बचाव तथा नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में जिला पंचायत के सीईओ एवं नमो प्रेरणा अभियान के नोडल अधिकारी अभिषेक गहलोतए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.



नवनीत सक्सेना, अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा, सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी सहित स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की विशेषज्ञ टीम तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि कैंसर की रोकथाम और समय पर पहचान के लिए जागरूकता तथा स्क्रीनिंग को अभियान के रूप में आगे बढ़ाना आवश्यक है। प्रारंभिक अवस्था में बीमारी की पहचान होने पर उपचार के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि कैंसर, डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी गैर.संचारी बीमारियां आज बड़ी चुनौती हैं और बदलती जीवन शैली, शारीरिक गतिविधियों में कमी तथा खान.पान में बदलाव के कारण इनका प्रभाव बढ़ रहा है। कलेक्टर के अनुसार अभियान को दो स्तरों पर आगे बढ़ाया जाएगा। युवाओं एवं विद्यार्थियों को कैंसर के कारणों, जोखिम, बचाव और स्क्रीनिंग के प्रति जागरूक किया जाएगा ताकि वे यह संदेश अपने परिवारों तक पहुंचा सकें। वहीं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को स्क्रीनिंग के लिए प्रशिक्षित कर संदिग्ध मरीजों को समयबद्ध रूप से विशेष जांच के लिए भेजा जाएगा।